अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 30 अक्तूबर 2021
कार्तिक कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO 02. TOP

दोपहर 12 बजे : एसआरएमएस सीईटी में क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत।

PAGE NO, 10, MIDDLE LEFT

केंद्रीय विद्यालय और विद्या भवन ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

बरेली। श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए। इनमें केंद्रीय विद्यालय ने 165 रन और विद्या भवन ने 36 रन से मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्राउंड पर पहला क्वार्टर फाइनल मैच केंद्रीय विद्यालय और जेपीएम स्कूल के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केंद्रीय विद्यालय की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाए।

श्री राममूर्ति मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

इसके जवाब में जेपीएम की टीम महज 24 रन के स्कोर पर ही ढेर हो गई। केंद्रीय विद्यालय की तरफ से प्रथम ने चार और अजय यादव ने तीन विकेट लिए। अंकित कुमार को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

विद्या भवन पब्लिक स्कूल और महामाया स्कूल के बीच खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए विद्या भवन की टीम ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 141 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी महामाया स्कूल की टीम 105 रन पर ही सिमट गई। विद्या भवन की तरफ से दक्ष चंदेल, हर्ष, सौरभ कुमार और अनंतवीर ने 2-2 विकेट लिए। सिद्धार्थ गौतम को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में मोहम्मद फैजान, राजीव सैनी और मोहम्मद यूसुफ ने अंपायर की भूमिका निभाई। संवाद